समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# ‘हमारी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ थी, लेकिन पाकिस्तानी सेना...’, एयर मार्शल एके भारती ने दुनिया के सामने लाई सच्चाई।

Publisher | Published on 12 May 2025




## एयर मार्शल एके भारती ने पाकिस्तान का चेहरा दुनिया के सामने उजागर करते हुए कहा कि हमारी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ थी, लेकिन पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों का समर्थन करना उचित समझा और इस लड़ाई को अपनी लड़ाई बना लिया।

एयर मार्शल एके भारती ने पाकिस्तान का चेहरा दुनिया के सामने उजागर करते हुए कहा कि हमारी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ थी, लेकिन पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों का समर्थन करना उचित समझा और इस लड़ाई को अपनी लड़ाई बना लिया। तीनों सशस्त्र सेनाओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पाकिस्तान के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी दी। इस बार, उन्हें जवाबी कार्रवाई करने की जरूरत थी। उन्होंने यह भी कहा कि हुई क्षति के लिए पाकिस्तानी सेना जिम्मेदार है।

भारतीय सेना ने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ और पाकिस्तान के खिलाफ की गई कार्रवाई के संबंध में वर्तमान स्थिति की जानकारी देने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस दौरान एयर मार्शल एक भारती ने कहा, “हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों के खिलाफ है। इसके लिए हमने आतंकी ठिकानों पर हमला किया। लेकिन पाकिस्तान ने आतंकवादियों का समर्थन करना सही समझा। इसके चलते पाकिस्तान ने इस लड़ाई को अपनी लड़ाई बना लिया। इसलिए उन्हें जवाब देना जरूरी था।”

उन्होंने आगे कहा कि हमने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की। भारत की सुरक्षा व्यवस्था को भेदना असंभव है। पाकिस्तान की

ओर से दागी गई चीनी मिसाइलें भी विफल हो गईं।

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने इस अवसर पर कहा, “हमारे एयर डिफेंस ऑपरेशन को समझने की जरूरत है। पहलगाम तक उनके पाप का प्याला भरा हुआ है। हमने पहले से तैयारी कर रखी थी और कार्रवाई की गई।”

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.